e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17– तक0को0–312/2018...4165...

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
पटना/भोजपुर/बक्सर/कैमूर/रोहतास/
औरंगाबाद/गया/नवादा/भागलपुर/मधुबनी/
दरभंगा/समस्तीपुर/मुजफ्फरपुर/वैशाली/
सारण/सिवान/गोपालगंज/पूर्वी चम्पारण।

पटना, दिनांक :–12-11-2021

विषय :– वर्तमान में 20 जिलों में संचालित विशेष सर्वेक्षण व बन्दोबस्त कार्य के क्रम में शेष 18 जिलो में जनवरी 22 से विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के आरंभिक चरण का कार्य प्रारंभ करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में राज्य के 20 जिलों बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, बांका, जमुई, नालंदा, शेखपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णियाँ, कटिहार, सुपौल, सहरसा,* मधेपुरा, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिम चम्पारण, जहानाबाद एवं अरवल में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य आरंभ किया गया है। इन जिलों में किए जा रहे कार्यों का निरंतर समीक्षा एवं प्रगति से स्पष्ट है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत प्रारंभ किए जाने वाले क्षेत्रीय कार्य यथा किस्तवार, खानापुरी इत्यादि को प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक है कि उपलब्ध कार्यबल संसाधनों की सहायता से सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियों को संपन्न कर लिया जाए ताकि विशेष सर्वेक्षण की प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम किया जा सके एवं निर्धारित अवधि के अंदर विशेष सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र का प्रकाशन ससमय किया जा सके।

उक्त के आलोक में आपके जिले में सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियों के संबंध में निम्नलिखित कार्रवाई किया जाना आवश्यक है:–

(i) जिला बन्दोबस्त कार्यालय की स्वतंत्र रूप से स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण।

(ii) जिला बन्दोबस्त कार्यालय में कर्मियों की पदस्थापना/प्रतिनियुक्ति।

(iii) जिले के राजस्व संबंधी आंकड़ों यथा अंचलवार मौजों की संख्या, नगर निकाय अंतर्गत आनेवाले ग्राम, असर्वेक्षित ग्रामों का नाम, संख्या एवं क्षेत्रफल इत्यादि का संकलन।

(iv) ग्रामों के अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्र की समीक्षा एवं उपलब्ध कराने का प्रयास।

(v) जिले में अधिसूचित विगत सर्वेक्षण कैडेस्ट्रल/रिविजनल अंतर्गत तैयार किए गए खतियान की खतियानी विवरणी (तेरीज) का प्रपत्र–5 में संधारण (प्रपत्र–संलग्न)।

(vi) विभागवार भूमि की विवरणी संधारित करने के लिए विभागवार नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति।

(vii) जिला बन्दोबस्त कार्यालय को प्राप्त होने वाले आवंटन व्यय एवं आवश्यकता की समीक्षा।

(viii) हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा जिले में आपूर्ति किए गए ग्रामवार मानचित्र का संधारण एवं समीक्षा।

(ix) अवैध जमाबंदी के रद्द करने के संबंध में चल रहे वादों का निष्पादन।

उक्त कार्यों के संपादन के लिए आवश्यक है कि जिला स्तर पर पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ नियमित बैठक कर कार्य के प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। जिन जिलों में

सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/कर्मी पदस्थापित नहीं हैं, वहाँ अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की सफलता के लिए इससे सम्बन्धित कार्यों का ससमय निष्पादन करते हुए अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन से भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को अवगत कराया जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझे।

अनुलग्नक : यथोक्त

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17– तक0को0–312/2018 4165 **पटना, दिनांक** 12-11-2021

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), पटना/भोजपुर/बक्सर/कैमूर/रोहतास/औरंगाबाद/गया/नवादा/भागलपुर/मधुबनी/दरभंगा/समस्तीपुर/ मुजफ्फरपुर/वैशाली/सारण/सिवान/गोपालगंज/पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0 को0–312/2018 4165 **पटना, दिनांक** 12-11-2021

प्रतिलिपिः– जिलों के संबंधित नोडल पदाधिकारी–सह–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, श्री सुनील कुमार एवं श्री पंकज कुमार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0 को0–312/2018 4165 **पटना, दिनांक** 12-11-2021

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/एल0आई0एस0 सलाहकार/विशेष सर्वेक्षण शाखा कोषांग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0 को0–312/2018 4165 **पटना, दिनांक** 12-11-2021

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0 को0–312/2018 4165 **पटना, दिनांक** 12-11-2021

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanieev-2021\Birendra kumar. ASO\Director\file no 312 2018 08.11.2021 1.doc

प्रपत्र–5
(देखे नियम–9 का उप नियम–(1)
खतियानी विवरणी

राजस्व ग्राम:–............................ थाना नं0:–............................ अंचल............................

जिला:–............................

क्र0 सं0	रैयत का नाम पिता/पति का नाम एवं पूरा पता	खतियान या अधिकार–अभिलेख का क्रम संख्या	खेसरा संख्या	चौहद्दी (वैकल्पिक	रकवा				लगान सेस को छोड़कर	अभ्युक्ति
					कृषित	अकृषित	अन्य	कुल		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

अमीन का हस्ताक्षर

कानूनगो का हस्ताक्षर

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी का हस्ताक्षर